भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1215
30 जुलाई, 2024 को उत्तर के लिए

ओडिशा में मत्स्यपालन में सुधार हेतु विशेष योजना

1215. श्री प्रदीप पुरोहितः

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा ओडिशा में मत्स्य पालन में सुधार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या सरकार ने नदी के किनारे मत्स्यपालन करने के लिए किन्हीं विशेष योजनाओं की घोषणा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) ओडिशा राज्य के लिए विगत पांच वर्षों के दौरान वर्ष-वार कितनी धनराशि आवंटित, संवितरित और उपयोग की गई?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार ओडिशा सहित सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 2020-21 से 2024-25 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) का कार्यान्वयन कर रहा है। विगत चार वर्षों के दौरान, पीएमएमएसवाई के तहत मछुआरों के कल्याण तथा राज्य में मात्स्यिकी और जल कृषि के विकास के लिए 439.33 करोड़ रुपये के केंद्रीय अंश के साथ ओडिशा सरकार के प्रस्तावों को कुल 1071.77 करोड़ रु/- की लागत से मंजूरी दी गई है ।

(ख): पीएमएमएसवाई के केंद्रीय क्षेत्र घटक के तहत राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) के माध्यम से 'रिवर रेंचिंग' जैसी गतिविधियों को जैव विविधता के संरक्षण, नदियों की उत्पादकता बढ़ाने और नदी के किनारे रहने वाले मछुआरों को अधिकतम सामाजिक-आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए कार्यान्वित किया जाता है। इस योजना के तहत 80-100 मिमी॰ के आकार की फिंगरलिंग की स्टॉकिंग के लिए 3 रु/- प्रति फिंगरलिंग की दर से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है । इसके अलावा, पीएमएमएसवाई के तहत 'मत्स्य पालन के लिए नदियों में केज स्थापित करने' की

गतिविधि को 3.0 लाख रुपये प्रति केज की इकाई लागत के साथ कार्यान्वित किया जाता है। ओडिशा सरकार ने रिपोर्ट किया है कि पीएमएमएसवाई के तहत ब्राह्मणी, महानदी, रुसिकुल्या, बैतरणी नदियों में रिवर रेंचिंग कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।

(ग) ओडिशा सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, विगत चार वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान पीएमएमएसवाई के अंतर्गत रिवर रेंचिंग कार्यक्रम के लिए जारी और उपयोग की गई केंद्रीय धनराशि का विवरण नीचे दिया गया है:

(रुपये लाख में)

क्रम सं.	**वर्ष**	**जारी की गई धनराशि**	**उपयोग की गई धनराशि**
(i)	(ii)	(iii)	(iv)
1	2020-21	50.00	50.00
2	2021-22	200.00	200.00
3	2022-23	200.00	200.00
4	2023-24	200.00	200.00
5	2024-25	200.00	0.00
	कुल	850 .00	650 .00

*****